# UNIVERSITY NEWS 19 FEBRUARY 2025

VOICE OF LUCKNOW

## लविवि : 18 विषयों के परीक्षाओं के परिणाम घोषित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए दिसंबर-2025 की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम बुधवार को जारी कर दिए गए हैं। जारी परिणामों में बीएससी (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर, एलएलबी (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर, बीएएमएस प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर, बीए (पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस) तृतीय सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय और पंचम सेमेस्टर शामिल हैं। साथ ही मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स (एमवीए) तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न विषयों के परिणाम भी घोषित किए गए हैं। इनमें एप्लाइड आर्ट्स (कैंपेन विजुअलाइजेशन, इलस्ट्रेशन, फोटोग्राफी), पेंटिंग (सेरामिक्स, क्रिएटिव पेंटिंग, लैंडस्केप पेंटिंग, म्यूरल, प्रिंटमेकिंग) और स्कल्प्चर (ब्रॉन्ज कास्टिंग, पोर्ट्रेट एंड लाइफ, टेराकोटा/सेरामिक्स) शामिल हैं। छात्र-छात्राएं अपना विस्तृत परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

NBT

## अधिग्रहण प्रबंधक पद पर नौकरी का मौका

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड में अधिग्रहण प्रबंधक बिजनेस बैंकिंग पद पर नौकरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि इस पद के लिए यूजी-पीजी छात्र आवेदन कर सकते हैं। बीकॉम, बीबीए के छात्रों को वरीयता दी जाएगी। वेतन संरचना स्नातक विद्यार्थियों के लिए लगभग 3.5 लाख वार्षिक और पीजी छात्रों के लिए साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर 4.5 लाख वार्षिक तक का प्रावधान है। चयनितों की नियुक्ति लखनऊ में की जाएगी। इच्छुक विद्यार्थी 20 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

DAINIK JAGRAN

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने 18 कोर्सों के परीक्षा परिणाम किए जारी

**लखनऊ** : लवि ने बुधवार को 18 कोर्सो के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। इनमें एलएलबी, बी.काम, एमवीए तीसरे सेमेस्टर, बीएएमएस पहले, दूसरे सेमेस्टर के साथ बी.एससी एनईपी तीसरे व बी.काम पांचवें सेमेस्टर के परिणाम शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं। वि.

AMAR UJALA

## विद्यार्थियों को कोटक महिंद्रा बैंक में रोजगार का मिलेगा अवसर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड कंपनी में 20 पदों पर भर्ती के लिए विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। भर्ती कार्यवाहक प्रबंधक, बिजनेस बैंकिंग (करंट अकाउंट) से जुड़े कार्य के लिए है। चयनितों को लखनऊ में तैनाती मिलेगी। आवेदन करने का मौका 20 फरवरी तक है। चयनितों को नॉन-डिपॉजिट उत्पादों (जैसे म्यूचुअल फंड व बीमा) की बिक्री, क्रॉस-सेलिंग लक्ष्य पूरा करने, शाखा उत्पादकता सुनिश्चित करना, नियमों को बनाए रखने की जिम्मेदारी होगी। स्नातक के विद्यार्थियों को वरीयता मिलेगी। अभ्यर्थियों के पास अपना वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। स्नातक के अभ्यर्थियों को 3.5 लाख वार्षिक और स्नातकोत्तर के अभ्यर्थियों को 4.5 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। (संवाद)

> कंपनी ने अच्छा मौका दिया है। इच्छुक विद्यार्थी दो आवेदन कर इसका लाभ उठा सकते हैं।
> – **प्रो. अनूप**, भारतीय निदेशक प्लेसमेंट सेल लविवि

DAINIK JAGRAN

## लवि : रोजगार के अवसर, 4.5 लाख तक पैकेज

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अधिग्रहण प्रबंधक बिजनेस बैंकिंग (करंट अकाउंट) पद के लिए आवेदन का मौका दिया है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति लखनऊ में की जाएगी। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि इस पद के लिए स्नातक (बी.काम/बीबीए वरीयता) अथवा स्नातकोत्तर अभ्यर्थी 20 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। बैंक बिक्री अनुभव रखने वाले तथा वित्तीय उत्पादों एवं बाजार की समझ रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता देगा। चयनित अभ्यर्थियों में स्नातक वालों को करीब 3.5 लाख वार्षिक और स्नातकोत्तर को साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर 4.5 लाख वार्षिक तक पैकेज मिलेगा। इसके अलावा प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन एवं करियर विकास के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

AMRIT VICHAR

## समसेमेस्टर शुल्क जमा करने की तिथि बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक सम सेमेस्टर (चतुर्थ, छठें, अष्टम व दशम सेमेस्टर) में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत दी है। अब इसकी अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए बिना विलंब शुल्क के 28 फरवरी तक जमा की जा सकती है। संबंधित सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं अपने संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित तिथि तक यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन कर अनिवार्य रूप से शुल्क जमा करें। निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करने की स्थिति में संबंधित छात्र-छात्राओं का प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।

## केंद्रीय सेल दे रहा छात्रों को प्लेसमेंट का अवसर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को केंद्रीय प्लेसमेंट सेल रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने अधिग्रहण प्रबंधक बिज़नेस बैंकिंग (करंट अकाउंट) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति लखनऊ में की जाएगी। कोटक महिंद्रा बैंक रिटेल बैंकिंग, बिज़नेस बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश बैंकिंग तथा बीमा सेवाओं सहित विभिन्न वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है। बैंक अपनी नवाचार-प्रधान कार्यप्रणाली और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के लिए जाना जाता है। चयनित अभ्यर्थियों की जिम्मेदारियों में नॉन-डिपॉजिट उत्पादों (जैसे म्यूचुअल फंड एवं बीमा) की बिक्री, क्रॉस-सेलिंग लक्ष्य प्राप्त करना, शाखा उत्पादकता सुनिश्चित करना, नियामकीय अनुपालन बनाए रखना तथा शाखा के वित्तीय प्रदर्शन की जिम्मेदारी संभालना शामिल होगा।

HINDUSTAN

## अधिग्रहण प्रबंधक पद पर नौकरी का मौका

**लखनऊ।** एलयू के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड में अधिग्रहण प्रबंधक बिजनेस बैंकिंग पद पर नौकरी के लिए आवेदन मांगे गए हैं। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि यूजी-पीजी छात्र आवेदन कर सकते हैं। बीकॉम, बीबीए को वरीयता दी जाएगी। वेतन संरचना स्नातक के लिए 3.5 लाख, पीजी के लिए साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर 4.5 लाख है। इच्छुक विद्यार्थी 20 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

## एलयू ने परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए

**लखनऊ।** एलयू और संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए दिसंबर-2025 की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जारी परिणामों में बीएससी (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर, एलएलबी (एनईपी) तृतीय सेमेस्टर, बीएएमएस प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर, बीए (पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस) तृतीय सेमेस्टर, बीकॉम तृतीय और पंचम सेमेस्टर शामिल हैं। साथ ही मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स (एमवीए) तृतीय सेमेस्टर के विभिन्न विषयों के परिणाम भी घोषित किए गए हैं।